

## आलिया भट्ट ने वेलनेस स्टार्टअप में किया इन्वेस्टमेंट

इंजिनियरिंग ग्रैजुएट अंकित अग्रवाल ने जुलाई 2017 में Phool-co नाम से इनोवेटिव स्टार्टअप की शुरुआत की थी। कंपनी सर्कुलर इकॉनमी पर केंद्रित है जो फ्लोरल वेस्ट को चारकोल फ्री लग्जरी इंसेंस प्रॉडक्ट्स और दूसरे वेलनेस प्रॉडक्ट्स में बदलती है। स्टार्टअप ने 'Fleather' डिवेलप किया है और इससे वह अपनी फ्लावर साइकलिंग टेक्नॉलजी का लाभ ले रहे हैं। बता दें, 'Fleather' जानवर के चमड़े का ऐसा विकल्प है जिसे हाल ही में PETA ने शाकाहारी दुनिया के बेस्ट इनोवेशन के रूप में सम्मानित किया था। लेटेस्ट इन्वेस्टमेंट पर बोलते हुए आलिया ने कहा, फूल की सुगंध बेहतरीन है क्योंकि इसमें प्राकृतिक सुगंध है और इसकी पैकेजिंग अद्भुत है। मैं फाउंडर के विजन की प्रशंसक हूं कि किस तरह रिसाइकल्ड फूलों से बायो-लेदर बना रहे हैं। ऐक्ट्रेस ने आगे कहा, इस तरह के उनके योगदान से हमारी नदियां साफ रहेंगी, लेदर का अल्टरनेट बन रहा है और भारत में महिलाओं को रोजगार मिल रहा है। मुझे गर्व है कि ये प्रॉडक्ट्स भारत में बन रहे हैं और दुनिया में पसंद किए जा रहे हैं। मैं इन्वेस्टर्स को जॉइन करने को लेकर रोमांचित हूं। वहीं, अंकित अग्रवाल ने कहा, 'Phool-co में हमारा उद्देश्य इनोवेशन के जरिए सिस्टेमिक चेंज लाना है।

## गहना वशिष्ठ के खिलाफ नई चार्जशीट

पॉर्न फिल्में बनाने और रेप कराने के आरोपों से घिरी ऐक्ट्रेस गहना वशिष्ठ पर मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच की प्रॉपर्टी सेल ने अपनी नई चार्जशीट में और भी सनसनीखेज आरोप लगाए हैं। यह नई चार्जशीट मुंबई पुलिस द्वारा दर्ज किए गए दूसरे केस में लगाई गई है। पॉर्नोग्रफी के मामले में क्राइम ब्रांच 4 मामलों की जांच कर रही है जबकि एक अन्य मामले की जांच लोनावाला पुलिस कर रही है। 500 पेज की इस चार्जशीट में पुलिस ने पुलिस ने गहना के अलावा फिल्म प्रड्यूसर अभिजीत बोम्बले, बाबूराव प्रहलाद उर्फ अजय श्रीमंत, प्रिंस कुमार उर्फ कश्यप और अरविंद कुमार श्रीवास्तव उर्फ यश ठाकुर को आरोपी बनाया है। पुलिस ने बताया कि बोम्बले और श्रीमंत को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया है। गहना वशिष्ठ को सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल चुकी है जबकि प्रिंस कुमार कश्यप और यश ठाकुर को फरार बताया जा रहा है। इनके ऊपर इंडियन पीनल कोड की धाराओं में मामले दर्ज किए गए हैं जिसमें अश्लील किताबें बेचना, अश्लील हरकतों से महिलाओं के चरित्र हनन, धोखाधडी और आईटी ऐक्ट जैसे आरोप शामिल हैं।

## जब जान्हवी कपूर कार की डिक्की में छिप गईं





पहले वीकेंड का वार में प्रतीक सहजपाल की जमकर खिंचाई होने वाली है। पहले हफ्ते में प्रतीक ने घर में काफी लड़ाइयां कीं और कुछ ऐसी हरकतें भी कीं जिससे सभी घरवालों ने उन्हें निशाने पर ले लिया। ऐसी ही एक हरकत बाथरूम का ताला तोड़ने की थी जिसे लेकर सलमान उन्हें बुरी तरह से फटकारते दिखाई देंगे। इसकी वजह यह है कि जिस दौरान ताला तोड़ा गया, उस वक्त विधि पांड्या अंदर नहा रही थीं। एपिसोड का नया प्रोमो सामने आया है जिसमें सलमान कंटेस्टेंट प्रतीक की जमकर क्लास लगाते दिख रहे हैं। सलमान कहते हैं, अगर मेरी मां या बहन भी होती है तो भी क्या आप यहीं करते गेम के लिए? इसका मतलब है कि खेल आपकी अपनी मां और बहन से बड़ा है। सलमान ने प्रतीक को यह भी याद दिलाया कि अगर विधि चाहे तो वह इस घटना पर उनकी जिंदगी बर्बाद कर सकती है। दरअसल, जब विधि नहा रही थीं, तभी प्रतीक ने बाथरूम का ताला तोड़ दिया। विधि ने बाहर आकर अपने साथी जंगलवासियों को घटना के बारे में बताया और इसके लिए प्रतीक से भी बात की।

# अनूठी होगी विद्युत जामवाल और नंदिता मेहतानी की शादी

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)


*पिछले दिनों बॉलिवुड ऐक्टर विद्युत जामवाल तब चर्चा में आ गए थे जब उन्होंने फैशन डिजाइनर नंदिता मेहतानी से अपना रिलेशनशिप कन्फर्म कर दिया था। इसके बाद दोनों ने अपनी इंगेजमेंट की ऑफिशियल घोषणा कर दी थी। तब विद्युत और नंदिता मेहतानी की रॉक क्लाइंबिंग करते हुए तस्वीरें सोशल मीडिया पर सामने आई थीं। बताया जाता है कि इस रॉक क्लाइंबिंग के दौरान ही विद्युत ने नंदिता को इंगेजमेंट रिंग पहनाई थी। इस तरह विद्युत की इंगेजमेंट बेहद अलग और खास थी।*



अब विद्युत ने अपनी शादी के प्लान के बारे में बात की है जो इससे भी खास होने वाला है। एक न्यूज पोर्टल से बात करते हुए विद्युत ने बताया कि उनकी शादी आम शादियों जैसी नहीं होगी क्योंकि वह अन्य लड़कों के जैसे नहीं है। विद्युत ने कहा कि हालांकि अभी शादी की कोई तारीख तो फिक्स नहीं है मगर इसके लिए उनके पास एक स्पेशल आइडिया जरूर है।

विद्युत ने जो बताया है उसे सुनकर आपके होश ही उड़ जाएंगे। विद्युत ने कहा कि वह अपनी शादी में शामिल होने वाले 100 मेहमानों के साथ स्काई डाइविंग करेंगे। शामिल मेहमानों को स्काई डाइविंग सूट पहनने होंगे और भले ही डर लगे मगर विद्युत के साथ हवाई जहाज से छलांग लगानी होगी। निश्चित तौर पर विद्युत और नंदिता की शादी में शामिल होने वालों को यह सुझाव डराने वाला हो सकता है।

दरअसल, हाल ही में विद्युत ने अपने सोशल मीडिया पर नंदिता मेहतानी से सगाई की घोषणा की थी। उन्होंने एक पोस्ट में अपनी और मंगेतर की कुछ तस्वीरें शेयर करते हुए लिखा था, कमांडो अंदाज में मैंने सगाई कर ली है। एक्टर के इस खुलासे के बाद नंदिता ने भी अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए लिखा, अब मैं और उन्हें और नहीं लटका सकती.. तो मैंने 1/09/2021 को हां कह दी। कपल की पोस्ट में उनका प्यार साफ झलक रहा है और दोनों की ताजमहल के सामने की इंगेजमेंट की तस्वीर प्यार के लिए नई मिसाल पेश कर रही है।



ऐसा हम इसलिए कह रहे हैं कि क्योंकि नंदिता सिर्फ विद्युत से पांच साल बड़ी ही नहीं बल्कि तलाकशुदा भी हैं। एक वक्त था जब वह करिश्मा कपूर के एक्स-हसबैंड संजय कपूर की पत्नी हुआ करती थीं। नंदिता संजय की पहली पत्नी थी, हालांकि कुछ समय बाद दोनों ने अलग होने का फैसला ले लिया और उनका तलाक हो गया था। विद्युत ने नंदिता संग अपने प्यार को मंजिल तक पहुंचाकर उन लोगों को करारा जवाब दिया है, जो पार्टनर के पास्ट या उम्र में अंतर के कारण उनका साथ छोड़ देते हैं।

इस बीच वर्क फ्रंट की बात करें तो अब विद्युत जामवाल की अगली फिल्म सनक रिलीज होगी। इसके अलावा वह अपनी एक और फिल्म खुदा हाफिजः चैप्टर 2 में भी काम कर रहे हैं। यह उनकी 2020 में आई ऐक्शन फिल्म श्खुदा हाफिजश का ही सीक्वल होगा।

# अमिताभ बच्चन ने एसबीआई को किराए पर दी अपनी प्रॉपर्टी

*अमिताभ और अभिषेक बच्चन ने जुहू वाली अपनी प्रॉपर्टी रेंट पर दी है, जिससे उन्हें हर महीने काफी मोटी कमाई होनेवाली है। खबर है कि बच्चन परिवार ने अपने जुहू वाले बंगले अम्मू और वत्स का ग्राउंड फ्लोर स्टेट बैंक ऑफ इंडिया को रेंट पर दे दिया है। 15 साल के लिए लीज पर दिए इस घर से अमिताभ और अभिषेक बच्चन को काफी मोटे पैसे मिलने वाले हैं।*



रियल एस्टेट एनालिटिक्स और रिसर्च कंपनी Zapkey-com को बच्चन परिवार और स्टेट बैंक के बीच हुई 15 साल की इस डील के डॉक्यूमेंट्स मिले हैं, जिसमें बताया गया है कि उन्हें ऐक्टर को बैंक से हर महीने फिलहाल 18.9 लाख रुपये का किराया मिलने वाला है।

हालांकि, रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 5 साल बाद इसके किराए में बढ़ोतरी होगी, जिसके बाद अगले पांच सालों में उन्हें यही किराया बढ़कर हर महीने 23.6 लाख रुपये मिलेंगे और फिर 10 साल के बाद उसके अगले पांच सालों तक बच्चन परिवार को 29.5 लाख रुपये महीने किराए मिलेंगे।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, ऐक्टर ने बैंक के साथ यह डील 28 सितम्बर 2021 को साइन की है। अमिताभ के ये दोनों बंगले श्जलसाश के आगे ही हैं, जहां फिलहाल उनका परिवार रहता है। इस डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक, प्रॉपर्टी के जिस हिस्से को रेंट पर दिया गया है वह करीब 3,150 स्क्वायर फीट में फैला है।

इस डॉक्यूमेंट्स के मुताबिक अगले 12 महीने के किराए जितना अमाउंट ऐक्टर को दिया जा चुका है जो 2.26 करोड़ रुपए है। हालांकि, इस डील को लेकर SBI और अमिताभ या अभिषेक में से किसी की तरफ से कोई रिस्पॉन्स नहीं मिला है। बताया जा रहा है कि इससे पहले यह जगह Citibank को दिया गया था।